**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**02.05.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**हरदीप सिंह पुरी**

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के दौरान ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के अंतर्गत भारत ने अपने कच्चे तेल की निर्भरता को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक कर दिया है। दक्षिण गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक योजना ने संकट के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एल.पी.जी. की घरेलू उत्पादन क्षमता 36 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन से बढकर 54 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन तक पहुंच गई है।

***हमने अपने स्रोतों में विविधता लाई है। कच्चे तेल की खरीद अब 27 देशों से बढ़कर 41 देशों तक हो गई है। हमने मध्य पूर्व के अलावा अमरीका, नॉर्वे और अल्जीरिया से एलपीजी की खरीद शुरू कर दी है। भारत ने बहुत तेजी से प्रगति की है। रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन को अधिकतम करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं और हमने अपने घरेलू उत्पादन में 60ः की वृद्धि की है।***

**नामांकन**

प्रदेश में 17 मई को होने वाले शहरी निकाय चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। अब तक इस चुनाव के लिए कुल 6 सौ 90 प्रत्याशियों ने अपने परचे दाखिल किए हैं। 4 मई को इन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 6 मई को इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। प्रदेश में 51 शहरी निकायों के चुनाव के लिए 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इन निकायों में कुल 3 लाख 60 हजार 8 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 80 हजार 9 सौ 63 पुरुष और 1 लाख 79 हजार 8 सौ 82 महिला और 14 अन्य मतदाता हैं। शहरी निकायों के चुनाव में एक हजार 8 सौ 8 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**पर्यवेक्षक**

इस बीच राज्य चुनाव आयोग ने नगर निकाय और पंचायत चुनावों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने कल 41 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आदेश जारी कर दिए है।

**प्राकृतिक खेती**

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा रसायन मुक्त, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों को मिशन के माध्यम से 2 साल तक प्रति एकड़ 4,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। ऊना जिला में लगभग 14 हजार किसान, प्राकृतिक खेती से जुड़ कर गैर–रासायनिक और कम लागत वाली खेती को अपना रहे हैं। अधिक व्यौरे के साथ हमारे उना जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट.......................................

***हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल रहा है जिस से किसान कम लागत में, कृत्रिम उर्वरकों और कीटनाशकों रहित खेती कर रहे हैं । इस से लोगों को स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद मिल रहे हैं और पर्यावरण को और दूषित होने से भी बचाया जा रहा है । जिले के 14,240 किसानों का प्राकृतिक खेती से जुड़ाव हो चुका है, जिन्हें समय–समय पर तकनीकी जानकारी के साथ–साथ जैविक उर्वरक और कीटनाशक उपलब्ध करवाए जा रहे हैं । प्राकृतिक उत्पादों से किसानों को अधिक दाम मिल रहे हैं, जिस से उनकी आमदन में वृद्धि हो रही है । इन किसानों का कहना है कि प्राकृतिक खेती अपनाकर वे लोगों को जानलेवा बीमारियों से दूर रखने के अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का भी निर्वहन कर पा रहे हैं ।***

**आरबीआई–दो हजार बैंक नोट**

भारतीय रिज़र्व बैंक–आरबीआई ने कहा कि चलन में मौजूद 2 हजार रुपये मूल्य वर्ग के 98 दशमलव चार सात प्रतिशत नोट वापसी की घोषणा के तीन साल बाद बैंक में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने अपने मुद्रा प्रबंधन अभ्यास के हिस्से के रूप में 19 मई, 2023 को 2 हजार रुपये के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। उस समय प्रचलन में ऐसे नोटों की कुल कीमत 3 दशमलव 5–6 लाख करोड़ रुपये थी। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 30 अप्रैल, 2026 तक यह आंकड़ा तेजी से घटकर 5 हजार चार सौ 51 करोड़ रुपये हो गया है। नोटबंदी की घोषणा के बाद से 2 हजार रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा 19 आरबीआई कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि वापसी बावजूद, 2 हजार रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

**लाहौल–पंचायत चुनाव**

लाहौल–स्पीति जिले में पंचायत चुनाव 2026 के लिए मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त किरण भड़ाना द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विकास खंड लाहौल में मतदान तीन चरणों में संपन्न कराया जाएगा। अधिक ब्यौर के साथ हमारे लाहौल स्पीति संवाददाता––– ''40''

*पहले चरण में 26 मई को तिंदी, तिंगरट, त्रिलोकनाथ, मूरिंग, नालडा, गोहरमा, रानिका, करदंग, मुलिंग, दारचा, कोकसर और केलांग पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 28 मई को सलग्रां, चिमरट, उदयपुर, थिरोट, जुंडा, जोबरंग, वारपा, गोशाल, गोंदला, कोलोंग, सिस्सू और यूरनाथ पंचायतों में मतदान होगा। वहीं तीसरे और अंतिम चरण में 30 मई को मडग्रां, शकोली, किशोरी, जाहलमा, शांशा, मालंग, तांदी, खंगसर, बरबोग और शूलिंग पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था और मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें आकाशवाणी के लिए लाहौल स्पीति से मैं सुरेंद्र कुमार ।*

**मौसम**

आज प्रदेश में आमतौर पर मौसम साफ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2–3 डिग्री सैल्सियस की बढ़ौतरी हो सकती है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य 3 और 4 मई को प्रदेश के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ बिजली कड़ने और तेज हवाएं व ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।**

————————————